फर्द अहकाम

कैलाश बनाम राज0 सरकार

प्रार्थना पत्र संख्याः 757/2024

क्रम संख्या	दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	25.04.2024	प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र बाबत् प्रार्थी की हिस्सा भूमि में नाम दुरूस्ती नक्शा अन्तर्गत धारा 131, 132, 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 196 का पेश किया। प्रार्थी ने निवेदन किया कि प्रार्थीगण के कब्जे व स्वामित्व की कृषि भूमि खसरा नम्बर 248 रकबा 0.01 हैक्टेयर तथा खसरा नम्बर 249/3 रकबा 0.61 हैक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 0.62 हैक्टेयर, जो वाके ग्राम मदाऊ, पटवार हल्का जयसिंहपुरा, भू.अभि.नि.क्षेत्र मुहाना तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित है। खसरा नम्बर 249 रकबा 2.10 हैक्टेयर का न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम जयपुर द्वारा वाद संख्या 16/2009 में राजीनामा निर्णय डिकी के अनुसरण में विभाजन कर खसरा नम्बर 249 रकबा 0.2500 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 249/1 रकबा 0.39 हैक्टयर, खसरा नम्बर 249/2 रकबा 0.6200 हैक्टयर, खसरा नम्बर 249/3 रकबा 0.6100 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 249/4 रकबा 0.2300 हैक्टयर कायम कर राजस्व जमाबन्दी व नक्शे में तरमीम की गयी। परन्तु अप्रार्थी द्वारा दौराने नक्शा सीमारेखा की तरमीम करते वक्त उपरोक्त वर्णित खसरा नम्बरान् की भूमि के क्षेत्रफल अनुसार नही करके कमी व बढोतरी में खसरा नम्बरान् की नक्शे में सीमारेखा खिचकर तरमीम की गयी है, जो कानूनन सही नही होने से राजस्व नक्शे में उपरोक्त खसरा नम्बरान् की पूर्व में की गयी तरमीम को दुरूस्त किया जाकर उपरोक्त खसरा नम्बरान् में वर्णित अनुसार तरमीम किया जाकर राजस्व नक्शे में सीमारेखा, बाउण्ड्रीवाल खिची जावें। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण विरूद्ध अप्रार्थी प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर निम्नलिखित अनुतोष प्रदान किया जायें कि प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण विरूद्ध अप्रार्थी स्वीकार किया जाकर वादग्रस्त खसरा नम्बर 249/3 रकबा 0.61 हैक्टेयर स्थित वाके ग्राम मदाऊ, पटवार हल्का जयसिंहपुरा, भू.अभि.नि. क्षेत्र मुहाना तहसील सांगानेर जिला जयपुर ... वर्णित रकवा व क्षेत्रफल अनुसार ... खिची जाकर पूर्व में कायम किये गये ... की बाउण्ड्रीवाल को दुरूस्त किया जाकर सही कायम की जावें। बहस अधिवक्ता प्रार्थीगण पत्रावली में सुनी गयी। दौराने बहस अधिवक्ता प्रार्थीगण ने निवेदन किया कि वाके	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2024.09.06 13:18:40 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
जयपुर द्वितीय (सांगानेर)

कैलाश बनाम राज० सरकार

प्रार्थना पत्र संख्या 15/2024

ग्राम मदाऊ, पटवार हल्का जयसिंहपुरा, भू.अभि. नि.क्षेत्र मुहाना तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 249/3 रकबा 0.61 हैक्टेयर का वर्णित रकबा व क्षेत्रफल अनुसार राजस्व नक्शा में बाउण्ड्रीवाल खिची जाकर पूर्व में कायम किये गये राजस्व नक्शे की बाउण्ड्रीवाल को दुरूस्त किया जाकर सही कायम की जावें।

बहस अधिवक्ता प्रार्थीगण व संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन किया गया जाने पर प्रार्थी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थीगण की ओर से पेश प्रार्थना पत्र बाबत् नक्शा दुरूस्ती स्वीकार किया जाकर वाके ग्राम मदाऊ, पटवार हल्का जयसिंहपुरा, भू.अभि. नि.क्षेत्र मुहाना तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 249/3 रकबा 0.61 हैक्टेयर का न्यायालय सहायक कलक्टर प्रथम द्वारा पारित तकासमा राजीनामा निर्णय डिक्री की तरमीम अनुसार नक्शा सीट मे तरमीम दुरूस्त करने के आदेश तहसीलदार सांगानेर को दिये जाते है।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो, बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 24.04.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
जयपुर द्वितीय (जयपुर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2024.09.06 13:18:40 IST
Reason: SelfAttested